राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

गणतंत्र दिवस – 2022

गणतन्त्र दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

प्रदेश के समग्र विकास में सहभागिता का संकल्प लें – राज्यपाल

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 73वें गणतन्त्र दिवस पर देश और प्रदेशवासियों तथा सीमा पर तैनात बहादुर जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी से राष्ट्र की एकता और अखण्डता की सुरक्षा के साथ प्रदेश के समग्र विकास में सहभागिता का संकल्प करने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले ज्ञात–अज्ञात शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए आजादी के आंदोलन में हिस्सा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

———

राज्यपाल श्री मिश्र करेंगे संविधान पार्क का शिलान्यास

राजभवन में गणतन्त्र दिवस पर होगा शिलान्यास

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गणतन्त्र दिवस के अवसर पर एक अभिनव पहल के रूप में बुधवार को राजभवन में संविधान पार्क के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। संविधान पार्क में देश के संविधान से जुड़े विभिन्न पहलुओं तथा विशेषताओं को विहंगम रूप में प्रस्तुत किया जायेगा।

संविधान पार्क में भारतीय संविधान का प्रारूप बनने से लेकर इसे स्वीकार करने तथा लागू किये जाने तक की प्रक्रिया को विभिन्न चित्रों एवं प्रस्तुतियों में दर्शाया जायेगा। मूल संविधान से जुड़ी 45 शिल्प कृतियां संविधान पार्क में प्रदर्शित की जायेंगी।

———